E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर, कानपुर–208024

सन्दर्भ संo: सी.एस.जे.एम.वि.वि./ COE / 1199 /2023 दिनांक : 19/09 / 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषय : एम0डी0/एम0एस0 (आयुर्वेद) परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित है कि एम0डी0/एम0एस0 (आयुर्वेद) परीक्षाओं से सम्बन्धित परीक्षा के परीक्षाफार्म सब्मिशन कि तिथि 06.09.2023 निर्धारित थी। उक्त के सम्बन्ध में आदेशानुसार उक्त परीक्षाओं की ऑनलाइन परीक्षाफार्म की तिथि निम्नलिखित निर्देशों के अधीन विस्तरित की जाती है:–

1. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अर्ह छात्रों की सूची पूर्व की भांति तीन प्रतियों में तैयार कर दिनांक 30.09.2023 तक एक प्रति सहायक कुलसचिव (परीक्षा) को दूसरी पी0एम0यू0 सेल को उपलब्ध कराने तथा तीसरी भविष्य के संदर्भ के लिए महाविद्यालय में सुरक्षित रखें।
2. समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय दिनांक 30.09.2023 तक ऑन लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय प्रैक्टिकल हेतु परीक्षकों का पैनल दिनांक 26.09.2023 तक परीक्षा विभाग में प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे कि परीक्षा में सम्मिलित कराये जा रहे सभी छात्रों की महाविद्यालय में भारतीय चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली क विनियम के अनुसार कक्षाओं में उपस्थिति, उनका निर्धारित पाठ्यक्रम एवं कोर्स की न्यूनतम अवधि पूर्ण है। **किसी विसंगति की दशा में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्राचार्य का होगा।**

अतः अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को उक्त से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभारी पी0एम0यू0 सेल, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना का संज्ञान लेते हुए वेबसाइट के होमपेज पर अपलोड कराने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
3. वैय0 सहायक, कुलपति/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
4. सम्बन्धित पत्रावली

(अजय कुमार गौतम)
उप कुलसचिव (परीक्षा)